दिन– रविवार | दिनांक– 22 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के तहत देश–विदेश के लोगों से विचार साझा करेंगे।

02. इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन सम्पन्न। अट्ठासी देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने नई दिल्ली घोषणा–पत्र पर किए हस्ताक्षर।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में बिहार पुलिस सप्ताह की करेंगे शुरूआत।

04. और, टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर एट चरण में भारत का मुकाबला आज दक्षिण अफ्रीका से।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ इकतीसवां संस्करण होगा। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर क्षेत्रों में समान रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में 'इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' की वर्चुअल माध्यम से आधारशिला रखते हुये कहा कि यह दशक भारत का टेक्नोलॉजी दशक है।

–––बाईट–––

मैं एक बात अक्सर कहता हूं कि ये डेकेड भारत का टेक डेकेड है। इस दशक में भारत टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में जो कुछ कर रहा है वो 21वीं सदी के हमारे सामर्थ्य का आधार बनेगा। विकसित भारत का निर्माण तभी होगा, जब भारत आत्मनिर्भर होगा और इसके लिए मेड इन इंडिया चिप होना बहुत जरूरी है क्योंकि जब भारत की चिप मेड इन इंडिया होगी तो हमें हमारे आधुनिक साजोदृसामान की मैन्युफैक्चरिंग के लिए दूसरों की तरफ नहीं देखना पडेगा।

---

इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणापत्र स्वीकार कर लिया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक सहयोग में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अट्ठासी देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इसका समर्थन किया है। यह घोषणा पत्र आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के लिए एआई का लाभ उठाने पर व्यापक वैश्विक सहमति दर्शाता है। "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" के सिद्धांत से प्रेरित इस घोषणापत्र में एआई के लाभ मानवता के सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंचाने पर बल दिया गया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

इन देशों ने एआई के लोकतांत्रिक प्रसार के लिए एक स्वैच्छिक और गैरदृबाध्यकारी चार्टर ढांचे पर ध्यान केन्द्रित किया जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करते हुए आधारभूत एआई संसाधनों तक पहुंच को बढ़ावा देना है। सामाजिक सशक्तिकरण के लिए एआई को अपनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए सहयोगात्मक मंच के विकास पर ध्यान दिया है। इन देशों ने यह स्वीकार किया है कि लचीली, नवोन्मेषी एआई के लिए स्वैच्छिक मार्गदर्शक सिद्धांत उन्हें सुदृढ़ और प्रभावी एआई प्रणालियों के विकास की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस शिखर सम्मेलन के जरिए दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को बढ़ावा मिलने और एआई को आर्थिक विकास के एक प्रमुख घटक के रूप में स्थापित करने की उम्मीद है। अंकित कुमार के साथ मैं आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी कल नई दिल्ली में संपन्न हो गई। इस आयोजन में वैश्विक प्रौद्योगिकी प्रमुखों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़कों पर पैदल चलने वाले लोगों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग को कई दिशा–निर्देश दिये गये हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फुटपाथ बनाने, चिन्हित जगहों पर जेब्रा क्रांसिंग बनाने और फुटओवर ब्रिज तथा अन्डरपास बनाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा सभी सरकारी और निजी वाहन चालकों को प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि अधिक सड़क दुर्घटना की सम्भावना वाली जगहों को चिन्हित कर फुटपाथ बनाने और उस जगह सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा है कि सात निश्चय तीन के तहत सबका सम्मान जीवन आसान सरकार की प्रतिबद्धता है और इसके लिए लगातार काम किया जा रहा है।

---

प्रदेश में आज से सत्ताईस फरवरी तक राज्यस्तरीय पुलिस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में इसका शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में उमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहेंगे। डीजीपी विनय कुमार ने बताया

कि बिहार पुलिस सप्ताह वर्ष उन्नीस सौ अंठावन से ही शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि दो हजार सात से इसका आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। डीजीपी ने कहा कि इस दौरान पुलिस की भूमिका को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

———————————————————————

उपमुख्मंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बेहतर काम करने वाले अंचालधिकारियों को डीसीएलआर के पद पर पदोन्निती दी जायेगी। उन्होंने पटना में पत्रकारों से कहा कि राजस्व कर्मचारी तय समय सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त कर लेते हैं तो उनकी मांगों पर सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता इकतीस मार्च तक परिमार्जन के लिए प्राप्त चालीस लाख आवेदनों का निपटारा करना है। इससे किसान पंजीयन समेत भूमि सर्वेक्षण में मदद मिलेगी।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा देने में बिहार लगातार सत्रहवें महीने देशभर में शीर्ष पर रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी घोषणा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से हर महीने जारी होने वाले डेस्क बोर्ड की रैंकिंग में की गयी है। श्री पांडेय ने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ और प्रभावी हुई है।

———————————————————————

विधानसभा में शून्यकाल के दौरान उठाये जाने वाले जनहित के सवाल अब ऑनलाईन लिये जायेंगे। कल से यह सेवा प्रभावी हो जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शून्यकाल की सूचनाएं अब निर्धारित समय–सीमा के भीतर अधिकृत ऑनलाईन पोर्टल नेवा के माध्यम से भेजी जा सकती हैं।

———————————————————————

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर एट चरण में भारत आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। यह मैच शाम सात बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। भारतीय टीम सभी चार मैच जीतकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर है। इधर, कल सुपर एट का पहला मुकाबला कोलंबो में बारिश के कारण रद्द हो गया। यह मैच न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने एक–एक अंक साझा किए।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को आईसीसी अंडर नाईनटीन वर्ल्ड कप में बेहतर प्रदर्शन पर सम्मानित करेंगे। सम्मान समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री के सरकारी आवास स्थित संकल्प भवन में किया जायेगा। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मौजूद रहेंगी। गौरतलब है कि हाल ही सम्पन्न हुये आईसीसी अंडर नाईनटीन वर्ल्ड कप में समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी ने एक सौ पचहत्तर रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी।

---

नेशनल मेडिकल काउंसिल ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी में शामिल होने की पात्रता में बदलाव किया है। अब एनआईओएस और अन्य ओपेन स्कूल बोर्ड से बारहवीं पास परीक्षार्थी भी नीट यूजी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। काउंसिल ने कहा है कि परीक्षार्थी की पात्रता परीक्षा बोर्ड को महत्व नहीं देते हुये विषय को जरूरी कर दिया गया है।

---

मैट्रिक परीक्षा के पांचवें दिन कल प्रदेशभर से कदाचार के आरोप में पांच परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया। वहीं, दूसरे के बदले परीक्षा देते हुये कैमूर से एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कदाचार के आरोप में निष्कासित होने वाले में सारण और बेगूसरास से दो–दो तथा नालंदा से एक परीक्षार्थी शामिल हैं।

---

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सुपौल जिले के सदर प्रखंड के पूर्व अंचलाधिकारी प्रिंस राज को बर्खास्त कर दिया है। बर्खास्त सीईओ पर मैट्रिक की परीक्षा दो बार देने और जाली प्रमाण पत्र के आधार पर बीपीएससी परीक्षा में शामिल होने आरोप सही पाया गया है। कागजातों की जांच के बाद बर्खास्तगी का प्रस्ताव विभाग ने मंत्रिमंडल को भेजा था, जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद यह कार्रवाई की गयी।

---

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती ने अपना पूरा जीवन जाति, धर्म और संप्रदाय के आधार पर विभाजित देश को एकजुट करने के लिए समर्पित कर दिया था। गृह मंत्री ने कहा कि

स्वामी सहजानंद ने किसानों को एकजुट किया और उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया, साथ ही समाज को बुराइयों के खिलाफ जागरूक किया।

---

प्रदेश में अनफिट वाहनों का परिचालन रोकने के लिए ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन, एटीएस खोले जायेंगे। परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष के अन्त तक मुंगेर, जमुई, नवादा, खगड़िया, औरंगाबाद, सीवान और दरभंगा समेत सत्ताईस जिलों में एटीएस खोलने की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। विभाग ने ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना के लिए कम्पनियों से सोलह मार्च तक आवेदन आमंत्रित किये हैं। गौतलब है कि एटीएस में मशीनों के माध्यम से वाहनों की जांच की जाती है।

---

प्रदेश के छह हजार उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बारह हजार नये स्मार्ट क्लास बनोय जायेंगे। इन क्लासों में पढ़ाई अगले सत्र से शुरू हो जायेगी। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्च महीने के अंत तक स्मार्ट क्लास के लिए आवश्यक उपकरण टीवी, बैट्री, इंवर्टर और स्पीकर लगाने का काम पूरा कर लिया जायेगा। स्टार्म क्लास योजना केन्द्र सरकार के सहयोग से संचालित की जा रही है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

---

प्रदेश में इस साल तेरह हजार पांच सौ पदों पर गृहरक्षकों की बहाली होगी। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले की एक अदालत ने पति की हत्या मामले में पत्नी को आजीवन कारावास के साथ एक लाख रूपये का जुर्माने की सजा सुनाई है।

---

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के गोरारी बाजार में एटीएम चोरी के दौरान पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र के मोहनियां में अगलगी की घटना में लगभग एक दर्जन घर राख हो गये। आग के कारणों का पता नहीं चला है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अगल–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश का शीर्षक बनाते हुये लिखा है– बिहार के व्यस्त इलाकों में फुटपाथ का निर्माण होगा।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– मेड इन इंडिया बनेगी विकसित भारत का आधार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– दो लाख से अधिक किसानों को एक सौ तेरह करोड़ रूपये की सहायता।

प्रभात खबर ने नीट छात्रा की मौत के मामले पर लिखा है– एफएसएल सबूतों की फिर जांच करेंगी सीबीआई।

राष्ट्रीय सागर लिखता है– बिहार में पन्द्रह दिनों में डीजे वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध।

आज अखबार की सुर्खी है– अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दस से बढ़ाकर पन्द्रह फीसदी किया टैरिफ।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के तहत देश–विदेश के लोगों से विचार साझा करेंगे।

02. इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन सम्पन्न। अट्ठासी देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने नई दिल्ली घोषणा–पत्र पर किए हस्ताक्षर।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में बिहार पुलिस सप्ताह की करेंगे शुरूआत।

04. और, टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर एट चरण में भारत का मुकाबला आज दक्षिण अफ्रीका से।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।